# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 6.11.21 | 2 | 1-2 |

## एचएयू के फैकल्टी क्लब में मनाया दीपावली महोत्सव



**हिसार** | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फैकल्टी क्लब में दीपावली महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में क्लब के चेयरमैन एवं कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर वीसी एवं विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारियों ने दीपावली पूजन किया। मुख्यातिथि ने कहा कि दीपावली पर्व मनाने के पीछे आदर्शवादी पुरुषोत्तम भगवान राम के जीवन मूल्य और उनके आदर्श है। हमें भगवान राम के जीवन मूल्यों एवं आदर्शों को अवश्य हमारे जीवन में धारण करना चाहिए। इस अवसर पर कैम्पस स्कूल के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर सबका मनमोह लिया। कार्यक्रम में क्लब के सचिव डॉ. एके भाटिया ने मुख्यातिथि एवं सभी का स्वागत किया और संयुक्त सचिव डॉ. संदीप आर्य ने सभी का इस कार्यक्रम में पहुंचने पर धन्यवाद दिया। मंच का संचालन डॉ. एसके पाहुजा ने किया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एसके महता, ओएसडी डॉ. अतुल ढींगडा, सभी अधिष्ठाता एवं क्लब सदस्य परिवार सहित मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 6.11.24 | 4 | 7-8 |

### एच.ए.यू. के फैकल्टी क्लब में मनाया दीवाली महोत्सव



*पूजा अर्चना करते कुलपति व अन्य।*

हिसार, 5 नवम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फैकल्टी क्लब में दीवाली महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में क्लब के चेयरमैन एवं कुलपति प्रोफैसर बी.आर. काम्बोज ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर कुलपति एवं विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारियों ने दीवाली पूजन किया। मुख्यातिथि ने कहा कि दीवाली पर्व मनाने के पीछे आदर्शवादी पुरुषोत्तम भगवान राम के जीवन मूल्य और उनके आदर्श है। हमें भगवान राम के जीवन मूल्यों एवं आदर्शों को अवश्य ही हमारे जीवन में धारण करना चाहिए। उनके आदर्शों से हमे शिक्षा मिलती है कि जीवन में चाहे कितनी भी कठिनाई आ जाएं लेकिन सत्य की हमेशा जीत होती है। समस्याओं को देखकर हमें पथ विचलित नहीं होना चाहिए, बल्कि उनका डटकर सामना करना चाहिए। इस अवसर पर कैम्पस स्कूल के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर क्लब के सचिव डॉ.ए.के. भाटिया, संयुक्त सचिव डॉ. संदीप आर्य, डॉ. एस.के. पाहुजा,डॉ. एस.के. महता, डॉ. अतुल ढींगडा, सभी अधिष्ठाता एवं क्लब सदस्य परिवार सहित मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हिसार टूडे | 04.11.2021 | -- | -- |

# एचएयू के फैकल्टी क्लब में धूमधाम से मनाया दिवाली महोत्सव

### क्लब के चेयरमैन एवं कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज व अन्य अधिकारियों ने की दीवाली पूजा

टुडे न्यूज। हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के फैकल्टी क्लब में दीवाली महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में क्लब के चेयरमैन एवं कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर कुलपति एवं विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारियों ने दीवाली पूजन किया।



लक्ष्मी व गणेश पूजा करते कुलपति व अन्य। कार्यक्रम में मौजूद मुख्यातिथि एवं अन्य।

मुख्यातिथि ने कहा कि दीवाली पर्व मनाने के पीछे आदर्शवादी पुरूषोत्तम भगवान राम के जीवन मूल्य और उनके आदर्श है। हमें भगवान राम के जीवन मूल्यों एवं आदर्शों को अवश्य ही हमारे जीवन में धारण करना चाहिए। उनके आदर्शों से हमे शिक्षा मिलती है कि जीवन में चाहे कितनी भी कठिनाई आ जाएं लेकिन सत्य की हमेशा जीत होती है। समस्याओं को देखकर हमें पथ विचलित नहीं होना चाहिए बल्कि उनका डटकर सामना करना चाहिए। निरन्तर लक्ष्य की ओर मेहनत करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। इस त्यौहार पर हमें अपनी गत वर्ष की गई गलतियों को सुधारना चाहिए और अच्छे कार्यों को ओर अच्छा करना चाहिए। । हमारे अंदर जो कमियां हैं जो हमें जीवन में आगे बढ़ने और लक्ष्य को हासिल करने में बाधा उत्पन्न करती है उनका त्याग करना चाहिए। सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि माता लक्ष्मी व गणेश की सबपर कृपा बनी रहे और धन के भण्डार यूं ही भरे रहें। कुलपति महोदय ने कहा कि दीपावली त्यौहार दीपों का पर्व है जिससे संदेश मिलता है कि हमारे जीवन में भी इसी प्रकार सदैव खुशियां जगमगाती रहें। इसके लिए हमें कड़ी मेहनत व लगन से कार्य करना होगा तभी हम लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे और जीवन को खुशियों से भर पाएंगे। उन्होंने कहा कि हम सब का यह सामाजिक दायित्व बनता है कि जिस प्रकार हम अपने घर पर दीवाली का त्यौहार मनाएं उसी प्रकार किसी जरूरतमंद के घर में भी दीवाली का दीपक जगमग होना चाहिए। इसके लिए हमें उनकी हरसंभव मदद करनी चाहिए। इस अवसर पर कैम्पस स्कूल के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। इस दौरान बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले लगाए गए और जलपान की भी व्यवस्था की गई। रंग बिरंगी रोशनी से सारा फैकल्टी क्लब एवं कार्यक्रम स्थल जगमगा उठा। कार्यक्रम में क्लब के सचिव डॉ.ए के भाटिया ने मुख्यातिथि एवं सभी का स्वागत किया जबकि संयुक्त सचिव डॉ संदीप आर्य ने सभी का इस कार्यक्रम में पहुंचने पर धन्यवाद दिया। मंच का संचालन डॉ एस के पाहुजा ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ एस के महता, ओसडी डॉ अतुल ढींगडा, सभी अधिष्ठाता एवं क्लब सदस्य परिवार सहित मौजूद रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 04.11.2021 | -- | -- |

# हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फैकल्टी क्लब में धूमधाम से मनाया दिवाली महोत्सव

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के फैकल्टी क्लब में दीवाली महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बी.आर. कम्बोज ने बतौर मुख्यातिथि दीवाली पूजन किया। मुख्यातिथि ने कहा कि दीवाली पर्व मनाने के पीछे आदर्शवादी पुरूषोत्तम भगवान राम के जीवन मूल्य और उनके आदर्श है। हमें भगवान राम के जीवन मूल्यों एवं आदर्शों को अवश्य ही हमारे जीवन में धारण करना चाहिए। उनके आदर्शों से हमे शिक्षा मिलती है कि जीवन में चाहे कितनी भी कठिनाई आ जाएं लेकिन सत्य की हमेशा जीत होती है। समस्याओं को देखकर हमें पथ विचलित नहीं होना चाहिए बल्कि उनका डटकर सामना करना चाहिए। निरन्तर लक्ष्य की ओर मेहनत करते हुए आगे बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सब का यह सामाजिक



*हिसार। लक्ष्मी व गणेश पूजा करते कुलपति व अन्य।*

दायित्व बनता है कि जिस प्रकार हम अपने घर पर दीवाली का त्यौहार मनाएं उसी प्रकार किसी जरूरतमंद के घर में भी दीवाली का दीपक जगमग होना चाहिए। कार्यक्रम में क्लब के सचिव डॉ. ए. के. भाटिया ने मुख्यातिथि एवं सभी का स्वागत किया जबकि संयुक्त सचिव डॉ. संदीप आर्य ने सभी का इस कार्यक्रम में पहुंचने पर धन्यवाद दिया। मंच का संचालन डॉ. एस के पाहुजा ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एस के महता, डॉ. अतुल ढींगड़ा, सभी अधिष्ठाता एवं क्लब सदस्य परिवार सहित मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठक पक्ष | 05.11.21 | | |

# एचएयू के फैकल्टी क्लब में धूमधाम से मनाया दिवाली महोत्सव

## क्लब के चेयरमैन एवं कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज व अन्य अधिकारियों ने की दीवाली पूजा

**पाठकपक्ष न्यूज**

हिसार, 5 नवम्बर : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के फैकल्टी क्लब में दीवाली महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में क्लब के चेयरमैन एवं कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर कुलपति एवं विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारियों ने दीवाली पूजन किया। मुख्यातिथि ने कहा कि दीवाली पर्व मनाने के पीछे आदर्शवादी पुरूषोत्तम भगवान राम के जीवन मूल्य और उनके आदर्श है। हमें भगवान राम के जीवन मूल्यों एवं आदर्शों को अवश्य ही हमारे जीवन में धारण करना चाहिए। उनके आदर्शों से हमे शिक्षा मिलती है कि जीवन में चाहे कितनी भी कठिनाई आ जाएं लेकिन सत्य की हमेशा जीत होती है। समस्याओं को देखकर हमें पथ विचलित नहीं होना चाहिए बल्कि



उनका डटकर सामना करना चाहिए। निरन्तर लक्ष्य की ओर मेहनत करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। इस त्यौहार पर हमें अपनी गत वर्ष की गई गलतियों को सुधारना चाहिए और अच्छे कार्यों को ओर अच्छा करना चाहिए। । हमारे अंदर जो कमियां हैं जो हमें जीवन में आगे बढ़ने और लक्ष्य को हासिल करने में बाधा उत्पन्न करती है उनका त्याग करना चाहिए। सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि माता लक्ष्मी व गणेश की सबपर कृपा बनी रहे और धन के भण्डार यूं ही भरे रहें। कुलपति महोदय ने कहा कि दीपावली त्यौहार दीपों का पर्व है जिससे संदेश मिलता है कि हमारे जीवन में भी इसी प्रकार सदैव खुशियां जगमगाती रहें। इसके लिए हमें कड़ी मेहनत व लगन से कार्य करना होगा तभी हम लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे और जीवन को खुशियों से भर पाएंगे। उन्होंने कहा कि हम सब का यह सामाजिक दायित्व बनता है कि जिस प्रकार हम अपने घर पर दीवाली का त्यौहार मनाएं उसी प्रकार किसी जरूरतमंद के घर में भी दीवाली का दीपक जगमग होना चाहिए। इसके लिए हमें उनकी हरसंभव मदद करनी चाहिए। इस अवसर पर कैम्पस स्कूल के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। इस दौरान बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले लगाए गए और जलपान की भी व्यवस्था की गई। रंग बिरंगी रोशनी से सारा फैकल्टी क्लब एवं कार्यक्रम स्थल जगमगा उठा। कार्यक्रम में क्लब के सचिव डॉ.ए के भाटिया ने मुख्यातिथि एवं सभी का स्वागत किया जबकि संयुक्त सचिव डॉ संदीप आर्य ने सभी का इस कार्यक्रम में पहुंचने पर धन्यवाद दिया। मंच का संचालन डॉ एस के पाहुजा ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ एस के महता, ओसडी डॉ अतुल ढींगडा, सभी अधिष्ठाता एवं क्लब सदस्य परिवार सहित मौजूद रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 5.11.21 | 4 | 3-8 |


**खेतीबाड़ी** • कोरोना महामारी के दौर में औषधीय पौधों की मांग बढ़ी

# किसान रबी के मौसम में उन्नत किस्म ईसबगोल, चंद्रसुर व बाकला की खेती कर कमा सकते हैं अधिक मुनाफा

महबूब अली | हिसार

कोरोना महामारी जैसे दौर में औषधीय पौधों की मांग बहुत अधिक बढ़ गई है क्योंकि ये हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाकर हमें स्वस्थ रखने में सहायक हैं। वर्तमान में इन्ही बदली हुई परिस्थितियों के चलते औषधीय एवं क्षमतावान फसलों का महत्व बढ़ गया है। इसलिए हरियाणा में किसान रबी के मौसम में उन्नत किस्म ईसबगोल, चंद्रसुर व बाकला की खेती कर अधिक मुनाफा अर्जित कर सकते हैं। नवंबर माह में औषधीय पौधों की खेती कर प्रदेश के किसान अधिक आमदनी कमा सकते हैं। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बीआर काम्बोज ने बताया कि औषधीय पौधों की खेती करके किसान अधिक आमदनी अर्जित कर सकते हैं। इनकी खेती हरियाणा के कम सिंचित तथा सिंचित क्षेत्रों में सफलतापूर्वक की जा सकती है। विश्वविद्यालय का औषधीय, संगध एवं क्षमतावान अनुभाग लगातार किसानों के लिए अच्छी पैदावार देने वाली तथा रोग प्रतिरोधी किस्में विकसित कर रहा है। उन्होंने बताया कि किसान ईसबगोल की किस्म एचआई 5, चंद्रसुर की एचएलएस 4 व बाकला की किस्म एच एफ बी 1 की बुवाई नवंबर के महीने में कर सकते हैं। बाकला की एचएफबी 2 कृषि वैज्ञानिकों द्वारा विकसित की गई है।

## जानिए...बीज की मात्रा व बिजाई की विधि

बाकला एक मोटे बीज वाली फसल है इसलिए प्रति एकड़ बिजाई के लिए 40 किलोग्राम बीज डालें। ईसबगोल तथा चंद्रसुर का बीज छोटा वह हल्का होता है, इसलिए प्रति एकड़ बिजाई के लिए 2 किलोग्राम बीज ही पर्याप्त रहता है। वैज्ञानिकों के अनुसार उपरोक्त सभी फसलों की बिजाई बीज एवं उर्वरक ड्रिल मशीन से कर सकते हैं परंतु यदि मशीन उपलब्ध नहीं हो कैरा विधि से भी कर सकते हैं। ईसबगोल की बिजाई में लाइन से लाइन की दूरी 22.5 सेंटीमीटर रखें तथा बीज की गहराई 1 से 2 सेंटीमीटर से अधिक न हो अन्यथा बीज का अंकुरण नहीं होगा। चंद्रसुर की बिजाई में लाइन से लाइन की दूरी 30 सेंटीमीटर रखें तथा बीज की गहराई 1 से डेढ़ सेंटीमीटर से गहरी न हो



हिसार | औषधीय पौधे बाकला की उन्नत किस्म। (फाइल फोटो)

अन्यथा बीज का अंकुरण नहीं होगा। बाकला की बिजाई में लाइन से लाइन की दूरी 30 सेंटीमीटर रखें तथा बीज की जानिए..गहराई तीन से चार सेंटीमीटर रखनी चाहिए।

## बीजोपचार से बढ़ जाती है पैदावार

औषधीय, संगध एवं क्षमतावान फसल अनुभाग के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार ने बताया कि इन फसलों की खेती में देसी खाद का अधिक महत्व है। इसलिए ईसबगोल में 10 टन व चंद्रसुर में 8 से 10 टन गली सड़ी गोबर की खाद प्रति एकड़ के हिसाब से डालनी चाहिए। चंद्रसुर में यूरिया 87 किलोग्राम व 67 किलोग्राम सिंगल सुपर फास्फेट और बाकला में यूरिया 35 किलोग्राम, पोटाशियम 24 किलोग्राम व सिंगल सुपर फास्फेट 150 किलोग्राम प्रति एकड़ के हिसाब से डालना चाहिए।

## कई रोगों के लिए है कारगर

इन औषधीय पौधों का कई रोगों के लिए प्रयोग किया जाता है। ईसबगोल की भूसी पौष्टिक तथा शीतल होती है। इसका उपयोग कब्ज व अतिसार दोनों में होता है। इसको पेट की सफाई, अल्सर, बवासीर, पेचिश आदि में औषधि के रूप में प्रयोग किया जाता है। चंद्रसुर शारीरिक सुदृढ़ता, बच्चों की लंबाई बढ़ाने, श्वास संबंधी रोगों, नेत्र रोग व दस्त साफ करने में इसका प्रयोग किया जाता है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 6.11.21 | 1 | 1-6 |

**भास्कर खास •** छह साल बाद अब हो रहा है 24वां दीक्षांत समारोह, नवंबर के तीसरे सप्ताह में होगा कार्यक्रम, तारीख अभी तय नहीं

# राष्ट्रपति हो सकते हैं एचएयू के 25वें दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि

महबूब अली | हिसार

नवंबर के तीसरे सप्ताह यानी 14 से 21 नवंबर के बीच किसी भी एक दिन एचएयू में 25वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया जाएगा। तारीख की अभी घोषणा नहीं की है। इस बार दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि माननीय राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद हो सकते हैं। पहली बार ऐसा होगा कि राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद हिसार आएंगे। हालांकि, इसकी अभी आधिकारिक रूप से घोषणा नहीं की गई है मगर यूनिवर्सिटी प्रशासन ने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और अन्य अतिथियों के आगमन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। एचएयू का पिछला दीक्षांत समारोह वर्ष 2015 में हुआ था, जिसमें योग गुरु बाबा रामदेव ने मुख्य अतिथि के तौर पर भागीदारी की थी।

अमूमन यूनिवर्सिटी दो से 3 वर्षों में दीक्षांत समारोह आयोजित करती है मगर पिछले 6 साल से दीक्षांत समारोह आयोजित नहीं किया जा सका। अब फिर वीसी प्रो. बीआर कांबोज के प्रयास से यूनिवर्सिटी प्रशासन ने दीक्षांत समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया है। कुछ दिन पहले हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया था। सूत्रों के अनुसार राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और अन्य अतिथि के रूप में हिस्सा ले सकते हैं। सूत्रों के अनुसार दीक्षांत समारोह को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन ने अभी तैयारी शुरू कर दी है।

## फूलों से सजाई जाएगी यूनिवर्सिटी

फूलों से विश्वविद्यालय को विशेष तौर पर सजाया जाएगा। मुख्य द्वार से लेकर ऑडिटोरियम व अन्य स्थानों पर सजावट की जाएगी। खुद कुलपति प्रो. बीआर कांबोज और कुलसचिव भी व्यवस्था का जायजा लेंगे। कमेटियों को भी कार्यक्रम को सफल बनाने की जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। पुलिस और प्रशासन की व्यवस्था भी चाक चौबंद रहेगी।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए जल्द होगी रिहर्सल

दीक्षांत समारोह में बच्चे सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत करेंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए जल्द रिहर्सल शुरू की जाएगी। समारोह में डिग्री लेने आने वाले स्नातक और गोल्ड मेडलिस्ट छात्रों के रजिस्ट्रेशन किए जाएंगे। बाहर से आने वाले विद्यार्थियों को ठहरने की उचित व्यवस्था रहेगी। छात्रों के अभिभावकों के ठहरने की भी उचित व्यवस्था रहेगी। छात्र-छात्राओं को शपथ भी दिलाई जाएगी। विश्वविद्यालय प्रशासन समारोह को सफल बनाने में किसी भी तरह की कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ना चाहता।

## जानें... पूर्व में हुए दीक्षांत समारोह में कौन रहे मुख्य अतिथि

- 9 अप्रैल, 1972 को दूसरे दीक्षांत समारोह में बंसीलाल।
- 7 अप्रैल, 1973 को तीसरे दीक्षांत समारोह में राम धन सिंह।
- 30 अप्रैल, 1978 को आठवें दीक्षांत समारोह में डॉ. एमएस रंधावा।
- 29 अप्रैल, 1979 को नौवें दीक्षांत समारोह में चौधरी चरण सिंह।
- 4 अप्रैल, 1981 को ग्यारहवें दीक्षांत समारोह में बलराम जाखड़।
- 17 अप्रैल, 1982 को बारहवें दीक्षांत समारोह में राव बिरेंद्र सिंह और डॉ. जेएस कंवर।
- 17 अप्रैल, 1983 को 13वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. ओपी गौतम।
- 11 मई, 1984 को चौदहवें दीक्षांत समारोह में पीवी नरसिम्हा राव।
- वर्ष 1985 में मुख्य अतिथि बूटा सिंह।
- 15 फरवरी, 1989 को सत्रहवें दीक्षांत समारोह में चौधरी देवीलाल।
- 26 मार्च, 1991 को अठारहवें दीक्षांत समारोह में चंद्रशेखर।
- 29 अगस्त, 1992 को उन्नीसवें दीक्षांत समारोह में डॉ. मनमोहन सिंह।
- 21 अप्रैल, 1997 को बीसवें दीक्षांत समारोह में डॉ. मनोहर सिंह गिल।
- 2001 में एल के आडवाणी
- 2003 में एपीजे अब्दुल कलाम
- 10 दिसंबर, 2010 को तेइसवें दीक्षांत समारोह में भूपेंद्र सिंह हुड्डा।
- 26 जुलाई, 2015 को चौबीसवें दीक्षांत समारोह में बाबा रामदेव।

2

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 5-11-21 | 5 | 4-6 |

# हर त्योहार का अपना महत्व, मिलजुल कर मनाएं खुशी : प्रोफेसर कांबोज

**जागरण संवाददाता, हिसार:** देश में हर त्योहार की अपनी अलग महत्ता है। सभी को मिलजुल कर इन त्योहारों में खुशियां मनानी चाहिए। ये विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार एवं गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हिसार के कुलपति प्रोफेसर बीआर. काम्बोज ने व्यक्त किए। वे विश्वविद्यालय में वित्त नियंत्रक कार्यालय की ओर से आयोजित दीपावली पूजन समारोह में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इस दौरान विश्वविद्यालय में लक्ष्मी व गणेश की पूजा की गई ताकि विश्वविद्यालय के भंडार यूं ही धन-धान्य से भरे रहें और सब पर लक्ष्मी



कुलपति प्रोफेसर बीआर कांबोज । • जागरण आर्काइव

की कृपा बनी रहे। कुलपति ने कहा कि दीपावली त्यौहार दीपों का पर्व है जिससे संदेश मिलता है कि हमारे जीवन में भी इसी प्रकार सदैव खुशियां जगमगाती रहें। इसके लिए हमें कड़ी मेहनत व लगन से कार्य करना होगा, तभी हम लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे और जीवन को खुशियों से भर पाएंगे। उन्होंने वित्त नियंत्रक कार्यालय की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मेहनत व लगन का ही फल है कि विश्वविद्यालय के सभी कर्मचारियों व पेंशनर्स के काम व भुगतान समय पर हो रहे हैं। इस अवसर पर ओएसडी डा. अतुल ढींगड़ा, विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. एसके महता, परीक्षा नियंत्रक डा. एसके पाहुजा, ज्वाइंट डायरेक्टर(आडिट)सतबीर कोहली, मीडिया एडवाइजर डा. संदीप आर्य, एसवीसी कपिल अरोड़ा, एसपीएस सुरेंद्र सलूजा, उप-वित्त नियंत्रक शोभित कपूर सहित कुलपति कार्यालय व वित्त नियंत्रक कार्यालय के कर्मचारी व अधिकारी मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 6.11.21 | 4 | 6 |

## हर त्यौहार का अपना महत्व, मिलजुल कर मनाएं खुशी : प्रो. काम्बोज

हिसार, 3 नवम्बर (ब्यूरो): देश में हर त्यौहार की अपनी अलग महत्ता है। सभी को मिलजुल कर इन त्यौहारों में खुशियां मनानी चाहिए। ये विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार एवं गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफैसर बी.आर. काम्बोज ने व्यक्त किए। वे विश्वविद्यालय में वित्त नियंत्रक कार्यालय की ओर से आयोजित दीपावली पूजन समारोह में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इस दौरान विश्वविद्यालय में लक्ष्मी व गणेश की पूजा की गई।

कुलपति ने कहा कि दीपावली त्यौहार दीपों का पर्व है, जिससे संदेश मिलता है कि हमारे जीवन में भी इसी प्रकार सदैव खुशियां जगमगाती रहें। इसके लिए हमें कड़ी मेहनत व लगन से कार्य करना होगा तभी हम लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे और जीवन को खुशियों से भर पाएंगे। उन्होंने कहा कि हम सबका यह सामाजिक दायित्व बनता है कि जिस प्रकार हम अपने घर पर दीवाली का त्यौहार मनाएं उसी प्रकार किसी गरीब के घर में भी दीवाली का दीपक जगमग होना चाहिए। इसके लिए हमें गरीबों की हरसंभव मदद करनी चाहिए। इस अवसर पर ओ.एस.डी. डॉ. अतुल ढींगड़ा, विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एस.के. महता, परीक्षा नियंत्रक डॉ. एस.के. पाहुजा, ज्वाइंट डायरैक्टर(ऑडिट)सतबीर कोहली, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, कपिल अरोड़ा, सुरेंद्र सलूजा, शोभित कपूर आदि मौजूद थे।

5

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हिसार टूडे | 04.11.2021 | -- | -- |



# त्यौहार देते हैं आपसी भाईचारे व सौहार्द की भावना का संदेश : प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज

## एचएयू के अजन्ता छात्रावास में धूमधाम से मनाया दीवाली पर्व

टुडे न्यूज़ । हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के अजंता छात्रावास में दीपावली से पूर्व दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बी.आर. कांबोज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मुख्यातिथि ने दीप प्रज्वलित कर और लक्ष्मी की पूजा कर सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दी।



विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज दीपावली के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान छात्रावास के विद्यार्थियों के साथ।

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे त्यौहार हमें आपसी भाईचारा, प्रेम, सौहार्द, एकता और हमारी रीति-रिवाजों के बारे में जानकारी देते हैं। इसलिए इन त्यौहारों को हमें सभी आपसी भेदभावों को मिटाकर ओर एकजुट होकर मनाना चाहिए। त्यौहार व रीति-रिवाज हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं और ये हमें एकता का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थियों को छात्र कल्याण के लिए विश्वविद्यालय में आयोजित की जाने वाली सभी गतिविधियों में बढ़-चढक़र हिस्सा लेना चाहिए ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। वरिष्ठ विद्यार्थियों को अपने कनिष्ठ विद्यार्थियों के साथ हमेशा छोटे भाई-बहन की तरह प्यार करते हुए उन्हें घर जैसा माहौल देना चाहिए ताकि वे बेझिझक होकर अपनी समस्याओं को उनके सामने रख सकें। इससे वे अपनी इच्छाओं को दबाने की बजाय उनके साथ सांझा करते हुए जीवन में निरंतर आगे बढ़ेंगे। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने कुलपति को मां सरस्वती के चित्र भेंट कर सम्मानित किया। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और छात्रावास की गतिविधियों व उपलब्धियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम के संचालन में छात्रावास के विद्यार्थी नितिन गोयल, मनीष, मनुज, चरण, लोकेश, अभिषेक, विपुल व गौरव ने अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर डॉ. ए.के. ढ़ाका, डॉ. जीतराम, डॉ. आर. एस. बेनीवाल, डॉ. देवेंद्र सिंह, डॉ. पुंडीर, डॉ. दिलीप, डॉ. करमल, मुख्य सुरक्षा अधिकारी सुखबीर, दशरथ सहित छात्रावास के स्नातकोत्तर एवं पीएचडी के विद्यार्थी मौजूद रहे।

6

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पांच बजे न्यूज | 4.11.21 | -- | -- |

### एचएयू कुलपति व अन्य अधिकारियों ने की दीवाली पूजा, दीपावली पूजा समारोह आयोजित

# हर त्यौहार का है अपना महत्व, मिलजुल कर मनाएं खुशी : प्रो. काम्बोज

पांच बजे न्यूज

हिसार। देश में हर त्यौहार की अपनी अलग महत्ता है। सभी को मिलजुल कर इन त्यौहारों में खुशियां मनानी चाहिए। ये विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार एवं गुरू जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हिसार के के कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज ने व्यक्त किए। वे विश्वविद्यालय में वित्त नियंत्रक कार्यालय की ओर से आयोजित दीपावली पूजन समारोह में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इस दौरान विश्वविद्यालय में लक्ष्मी व गणेश की पूजा की गई ताकि विश्वविद्यालय के भण्डार यूं ही धन-धान्य से भरे रहें और सब पर लक्ष्मी जी की कृपा बनी रहे। कुलपति महोदय ने कहा कि दीपावली



त्यौहार दीपों का पर्व है जिससे संदेश मिलता है कि हमारे जीवन में भी इसी प्रकार सदैव खुशियां जगमगाती रहें। इसके लिए हमें कड़ी मेहनत व लगन से कार्य करना होगा तभी हम लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे और जीवन को खुशियों से भर पाएंगे। उन्होंने वित्त नियंत्रक कार्यालय की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मेहनत व लगन का ही फल है कि आज विश्वविद्यालय के सभी कर्मचारियों व पेंशनर्स के काम व भुगतान समय पर हो रहे हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार का भी धन्यवाद देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय को उनका सदैव सहयोग रहा है, जिसके चलते विश्वविद्यालय में कभी बजट की कमी नहीं रहती और विश्वविद्यालय दिन-दौगुणी रात चौगुणी प्रगति के पथ पर अग्रसर हो रहा है। उन्होंने सभी को धनतेरस, छोटी दीवाली व दीवाली की बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हम सब का यह सामाजिक दायित्व बनता है कि जिस प्रकार हम अपने घर पर दीवाली का त्यौहार मनाएं उसी प्रकार किसी गरीब के घर में भी दीवाली का दीपक जगमग होना चाहिए। इसके लिए हमें गरीबों की हरसंभव मदद करनी चाहिए। विश्वविद्यालय के वित्त-नियंत्रक व कार्यक्रम के आयोजक नवीन जैन ने कहा कि इस दीवाली पर अधिक से अधिक मिट्टी के दिये जलाएं ताकि किसी गरीब के घर भी अच्छे से दीवाली मन सके। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एसके महता, परीक्षा नियंत्रक डॉ. एसके पाहुजा, ज्वाइंट डायरेक्टर (ऑडिट) सतबीर कोहली, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, एसवीसी कपिल अरोड़ा, एसपीएस सुरेंद्र सलूजा, उप-वित्त नियंत्रक शोभित कपूर सहित कुलपति कार्यालय व वित्त नियंत्रक कार्यालय के कर्मचारी व अधिकारी मौजूद थे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 4.11.21 | | --- |

# कुलपति ने की दीवाली पूजा, दीपावली पूजा समारोह आयोजित

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** देश में हर त्यौहार की अपनी अलग महत्ता है। सभी को मिलजुल कर इन त्यौहारों में खुशियां मनानी चाहिए। ये विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कुलपति प्रोफेसर बी. आर. काम्बोज ने व्यक्त किए। वे वित्त नियंत्रक कार्यालय की ओर से आयोजित दीपावली पूजन समारोह में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इस दौरान विश्वविद्यालय में लक्ष्मी व गणेश की पूजा की गई ताकि विश्वविद्यालय के भण्डार यूं ही धन-धान्य से भरे रहें और सब पर लक्ष्मी जी की कृपा बनी रहे। कुलपति ने कहा कि दीपावली त्यौहार दीपों का पर्व है जिससे संदेश मिलता है कि हमारे जीवन में भी इसी प्रकार सदैव खुशियां जगमगाती रहें। इसके लिए हमें कड़ी मेहनत व लगन से कार्य करना होगा तभी हम लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे और जीवन को खुशियों से भर पाएंगे। इस अवसर पर डॉ. अतुल ढींगड़ा, कुलसचिव डॉ. एस.के. महता, डॉ. एस.के. पाहुजा, सतबीर कोहली, डॉ. संदीप आर्य, कपिल अरोड़ा, सुरेंद्र सलूजा, शोभित कपूर सहित कर्मचारी व अधिकारी मौजूद थे।

8

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा न्यूज | 04.11.2021 | -- | -- |

# त्यौहार देते हैं आपसी भाईचारे व सौहार्द की भावना का संदेश : प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज

समस्त हरियाणा न्यूज

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के अजंता छात्रावास में दीपावली से पूर्व दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बी.आर. कांबोज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मुख्यातिथि ने दीप प्रज्वलित कर और लक्ष्मी की पूजा कर सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दी। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे त्यौहार हमें आपसी भाईचारा, प्रेम, सौहार्द, एकता और हमारी रीति-रिवाजों के बारे में जानकारी देते हैं। इसलिए इन त्यौहारों को हमें सभी आपसी भेदभावों को मिटाकर और एकजुट होकर मनाना चाहिए। त्यौहार व रीति-रिवाज हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं और ये हमें एकता का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थियों को छात्र कल्याण के लिए विश्वविद्यालय में आयोजित की जाने वाली सभी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। वरिष्ठ विद्यार्थियों को अपने कनिष्ठ विद्यार्थियों के साथ हमेशा छोटे भाई-बहन की तरह प्यार करते हुए उन्हें घर जैसा माहौल देना चाहिए ताकि वे बेझिझक होकर अपनी समस्याओं को उनके सामने रख सकें। इससे वे अपनी इच्छाओं को दबाने की बजाय उनके साथ सांझा करते हुए जीवन में निरंतर आगे बढ़ेंगे। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने कुलपति को मां सरस्वती के चित्र भेंट कर सम्मानित किया। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और छात्रावास की गतिविधियों व उपलब्धियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम के संचालन में छात्रावास के विद्यार्थी नितिन गोयल, मनीष, मनुज, चरण, लोकेश, अभिषेक, विपुल व गौरव ने अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर डॉ. ए.के. ढाका, डॉ. जीतराम, डॉ. आर. एस. बेनीवाल, डॉ. देवेंद्र सिंह, डॉ. पुंडीर, डॉ. दिलीप, डॉ. करमल, मुख्य सुरक्षा अधिकारी सुखबीर, दशरथ सहित छात्रावास के स्नातकोत्तर एवं पीएचडी के विद्यार्थी मौजूद रहे।



# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हिन्दुस्थान | 4.11.21 | | -- |

## त्योहार देते हैं आपसी भाईचारे व सौहार्द की भावना का संदेश : प्रोफेसर बी.आर. व



एचएयू के अजन्ता छात्रावास में धूमधाम से मनाया दीवाली पर्व

11

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हिन्दुस्थान | | | -- |

## हर त्योहार का है अपना महत्व, मिलजुल कर मनाएं खुशी : प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज



### दीपावली में दीपक की तरह जगमगा दो हमारी जिंदगी
### एचएयू कुलपति व अन्य अधिकारियों ने की दीपावली पूजा, दीपावली पूजा समारोह आयोजित

पिछले महीनों की खबरें यहां खोजें
Select Month






6

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पांच बजे न्यूज | 04.11.2021 | -- | -- |

### एचएयू के अजन्ता छात्रावास में धूमधाम से मनाया दीवाली पर्व

# त्यौहार देते हैं आपसी भाईचारे व सौहार्द की भावना का संदेश : प्रो. काम्बोज

पांच बजे न्यूज

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के अजंता छात्रावास में दीपावली से पूर्व दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बी.आर. कांबोज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मुख्यातिथि ने दीप प्रज्वलित कर और लक्ष्मी की पूजा कर सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दी। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे त्यौहार हमें आपसी भाईचारा, प्रेम, सौहार्द, एकता और हमारी रीति-रिवाजों के बारे में जानकारी देते हैं। इसलिए इन त्यौहारों को हमें सभी आपसी भेदभावों को मिटाकर और एकजुट होकर मनाना चाहिए। त्यौहार व रीति-रिवाज हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं और ये हमें एकता का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थियों को छात्र कल्याण के लिए विश्वविद्यालय में आयोजित की जाने वाली सभी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। वरिष्ठ विद्यार्थियों को अपने कनिष्ठ विद्यार्थियों के साथ हमेशा छोटे भाई-बहन की तरह प्यार करते हुए उन्हें घर जैसा माहौल देना चाहिए ताकि वे बेझिझक होकर अपनी समस्याओं को उनके सामने रख सकें। इससे वे अपनी इच्छाओं को दबाने की बजाय उनके साथ सांझा करते हुए जीवन में निरंतर आगे बढ़ेंगे। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने कुलपति को मां सरस्वती के चित्र भेंट कर सम्मानित किया। छत्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और छात्रावास की गतिविधियों व उपलब्धियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।



कार्यक्रम के संचालन में छात्रावास के विद्यार्थी नितिन गोयल, मनीष, मनुज, चरण, लोकेश, अभिषेक, विपुल व गौरव ने अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर डॉ. ए.के. ढ़ाका, डॉ. जीतराम, डॉ. आर. एस. बेनीवाल, डॉ. देवेंद्र सिंह, डॉ. पुंडीर, डॉ. दिलीप, डॉ. करमल, मुख्य सुरक्षा अधिकारी सुखबीर, दशरथ सहित छात्रावास के स्नातकोत्तर एवं पीएचडी के विद्यार्थी मौजूद रहे।

## एचएयू में राष्ट्रीय स्वयंसेवकों ने ली राष्ट्रीय एकता की शपथ

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा इकाई की ओर से किया गया। इस अवसर पर छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि हमें राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए इसके लिए बलिदान देने में भी संकोच नहीं करना चाहिए।

१ उन्होंने कहा कि हमें वल्लभ भाई पटेल के विचारों और उनके आचरण को हमारे जीवन में धारण करना चाहिए।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. चंद्रशेखर डागर ने राष्ट्रीय एकता दिवस एवं सरदार वल्लभ भाई पटेल से जुड़े कुछ प्रेरक प्रसंग विद्यार्थियों के साथ सांझा किए।

5

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा न्यूज | 04.11.2021 | -- | -- |

## एचएयू में राष्ट्रीय स्वयंसेवकों ने ली राष्ट्रीय एकता की शपथ




**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि हमें राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए इसके लिए बलिदान देने में भी संकोच नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें वल्लभ भाई पटेल के विचारों और उनके आचरण को हमारे जीवन में धारण करना चाहिए। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. चंद्रशेखर डागर ने राष्ट्रीय एकता दिवस एवं सरदार वल्लभ भाई पटेल से जुड़े कुछ प्रेरक प्रसंग विद्यार्थियों के साथ सांझा किए।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा न्यूज | 4.11.21 | | -- |

# एचएयू में राष्ट्रीय स्वयंसेवकों ने ली राष्ट्रीय एकता की शपथ

**समस्त हरियाणा न्यूज**




हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा इकाई की ओर से किया गया। इस अवसर पर छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि हमें राष्ट्रहित के लिए बलिदान देने में भी संकोच नहीं करना चाहिए। हमें वल्लभ भाई पटेल के विचारों और उनके आचरण को हमारे जीवन में धारण करना चाहिए। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. चंद्रशेखर डागर ने राष्ट्रीय एकता दिवस एवं सरदार वल्लभ भाई पटेल से जुड़े कुछ प्रेरक प्रसंग विद्यार्थियों संग सांझा किए।